राष्ट्रीय स्मार्ट ग्रिड मिशन
विद्युत मंत्रालय
भारत सरकार

# मासिक रिपोर्ट – फरवरी 2024

## एन.एस.जी.एम. परियोजना प्रबंधन यूनिट

### क. एन.एस.जी.एम. स्मार्ट ग्रिड परियोजनाएँ

1. **JVVNL, राजस्थान:** अब तक 1,45,343 स्मार्ट मीटर क्षेत्र में लगाए गए। पूर्व-स्थापित मीटरों का संचालन और रखरखाव 1 नवंबर 2023 से शुरू हुआ।
2. **CED, चण्डीगढ़ (सब डिवीजन 5):** सर्वेक्षण के अनुसार सभी स्मार्ट मीटर (24,214) क्षेत्र में स्थापित किए गए। स्थापित मीटरों का संचालन और रखरखाव 1 जुलाई 2023 से शुरू हुआ। शेष 61 स्मार्ट फीडर मीटर स्थापना का कार्य O&M चरण के अंतर्गत प्रगति पर है।

सभी परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति https://www.nsgm.gov.in/hi/sg-status पर देखा जा सकता है।

### ख. बैठक व गतिविधियाँ

1. 7 फरवरी 2024 को माननीय विद्युत और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री की अध्यक्षता में स्मार्ट मीटर में स्थानीय सामग्री का उपयोग बढ़ाने के लिए फीडर/DT मीटरिंग और ट्रजेक्टरी (trajectory) पर चर्चा करने हेतु श्रम शक्ति भवन, नई दिल्ली में बैठक आयोजित हुई।
2. 14 फरवरी 2024 को संयुक्त सचिव (वितरण), विद्युत मंत्रालय की अध्यक्षता में स्मार्ट वितरण DPRs की प्रगति की समीक्षा श्रम शक्ति भवन, नई दिल्ली में बैठक आयोजित हुई।
3. 31 जनवरी 2024 और 1 फरवरी 2024 को NPMU अधिकारियों ने पटना के प्रेस क्लब क्षेत्र, SBPDCL में 33/11केवी ई-हाउस (कंटेनरीकृत) सबस्टेशन का दौरा किया।
4. 19 फरवरी 2024 को विद्युत मंत्रालय ने स्मार्ट वितरण DPR की जांच करने और RDSS की निगरानी समिति को आगे प्रस्तुत करने के लिए संबंधित नोडल एजेंसियों को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए ED (PFC), ED (REC), CE (CEA) और निदेशक (NPMU) के साथ एक समिति का गठन किया। समिति ने निम्नलिखित पर विचार-विमर्श किया –
   a) 24 फरवरी 2024 को गुवाहाटी DPR पर ।
   b) 27 फरवरी 2024 को वाराणसी DPR पर।
5. 19 फरवरी 2024 को निदेशक NPMU ने सदस्य (GO&D), के.वि.प्रा. की अध्यक्षता में आयोजित सोलर रूफ टॉप सिस्टम के लिए नेट मीटर के निर्माताओं के पैनल के लिए गठित समिति की पहली बैठक में भाग लिया।
6. फरवरी 2024 तक, विभिन्न स्थानों पर 93 लाख से अधिक स्मार्ट मीटर स्थापित किए गए (नोडल एजेंसियों जैसे PFC और REC से एकत्रित आंकड़ों के अनुसार)। अधिक जानकारी https://www.nsgm.gov.in/en/state-wise-map, https://www.nsgm.gov.in/en/sm-stats-all से प्राप्त की जा सकती है।

**sd/-**

**निदेशक, NPMU (प्रभारी)**
**dir.npmu.nsgm@gov.in**